डुमक गाँव को 8 महीने में मिलेगी सड़क

चर्चा में क्यों?

उत्तराखंड में भारत-चीन सीमा पर स्थित **चमोली ज़िले** के डुमक और अन्य गाँवों को जोड़ने वाली निर्माणाधीन सड़क, जो 17 वर्षों से विलंबित है,**इस वर्ष के अंत से पहले पूरी हो जाएगी।**

मुख्य बिंदु:

- सूत्रों के मुताबिक डुमक में कुछ मतदाताओं ने सड़क निर्माण में लगातार हो रही देरी से तंग आकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का फैसला किया है।
- **उत्तराखंड ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी (URRDA)** के CEO ने एक बयान जारी कर कहा कि सड़क का बचा हुआ कार्य अगले आठ महीने में पूरा कर लिया जाएगा।
  - एजेंसी राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास एजेंसी द्वारा निर्धारित मार्गदर्शन और मानदंडों के तहत**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यान्वयन के एकमात्र उद्देश्य के लिये कार्य करेगी।**

भारत-चीन सीमा

- भारत और चीन के बीच की सीमा अपने पूरे भाग में स्पष्ट रूप से सीमांकित नहीं है तथा कुछ हिस्सों में **वास्तविक नियंत्रण रेखा** पर कोई पारस्परिक सहमति भी नहीं है।
- LAC **वर्ष 1962 के भारत-चीन युद्ध के बाद अस्तित्व में आया।**
- भारत-चीन सीमा को तीन सेक्टरों/क्षेत्रों में बाँटा गया है:
  - **पश्चिमी क्षेत्र:** लद्दाख
  - **मध्य क्षेत्र:** हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड
  - **पूर्वी क्षेत्र:** अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम



PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dumak-village-will-get-road-in-8-months